**जनता कॉलेज बकेवर में “G20 अवस्थापना एवं निवेश” विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से संदर्भित G20 सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त आदेश के अनुपालनार्थ आज दिनांक 06 फरवरी 2023 को जनता कॉलेज बकेवर में “G20 अवस्थापना एवं निवेश” विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन एवं श्री गोपीनाथ मौर्या प्राध्यापक वाणिज्य संकाय के संयोजन मे किया गया। जिसमें श्री गोपीनाथ मौर्या ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसरीत प्रदेश में कानून व्यवस्था में स्थाई सुधार, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सुविधाएं, ट्रैफिक मुक्त यातायात के लिए अच्छी सड़को सहित नेशनल हाईवे एंड एक्सप्रेसवे का निर्माण, बिजली एवं पानी की सुचारू व्यवस्था, व्यवसाय आरंभ करने की प्रक्रियाओं को सरल बनाना, विनोयोजको को आकर्षित करने के लिए नितांत आवश्यक है को बताया जिसके परिणाम स्वरूप , उत्तर प्रदेश को इन्वेस्टर्स के द्वारा अपार संभावनाओं वाला प्रदेश के रूप में चिन्हित किया जा रहा है और नई औद्योगिक उपक्रम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके पश्चात् निबन्ध लेखन का प्रारंभ प्रतिभागियों एवं सम्मानित निर्णायक मंडल के सदस्यों के अभिवादन के साथ हुआ। प्रतिभागियों को निबंध लेखन के लिए 70 मिनट का समय निर्धारित था। निबंध का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डॉक्टर अशोक कुमार पाण्डेय, डा अभिषेक प्रताप सिंह और डा योगेश शुक्ला ने किया। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने आशीर्वाद संबोधन के पश्चात परिणामों की उद्घोषणा की और सभी प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा जैन बीकॉम अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान दुष्यंत कुमार बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर और तृतीय स्थान न्यासा श्रीवास्तव बीकॉम अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया । अंत में कार्यक्रम संयोजक श्री गोपीनाथ मौर्या ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर दिव्य ज्योति मिश्रा , डॉ प्रकाश दुबे, ,डॉ आनंद सिंह, , डा मनोज कुमार यादव, डॉ आदित्य कुमार, डॉक्टर ज्योति भदौरिया, श्री सुबोध शुक्ला, श्री देवेश चतुर्वेदी, पवन सक्सेना, रमेश पाल व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थी ने सहभागिता की।



# जी 20 अवस्थापना व निवेश विषय पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन






**चेतना कार्यालय**

**बकेवर।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु सोमवार को जनता कॉलेज बकेवर में जी 20 अवस्थापना एवं निवेश विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान बीकॉम फाइनल की छात्रा आकांक्षा जैन ने प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में संयोजक गोपीनाथ मौर्या ने प्रतियोगिता के पहले प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहाँ उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसरित, प्रदेश में कानून व्यवस्था में स्थाई सुधार, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सुविधाएं, ट्रैफिक मुक्त यातायात के लिए अच्छी सड़को सहित नेशनल हाईवे एंड एक्सप्रेसवे का निर्माण, बिजली एवं पानी की सुचारू व्यवस्था, व्यवसाय आरंभ करने की प्रक्रियाओं को सरल बनाना, विनियोजकों को आकर्षित करने के लिए नितांत आवश्यक है को बताया गया। जिसके परिणाम स्वरूप, उत्तर प्रदेश को इन्वेस्टर्स के द्वारा अपार संभावनाओं वाला प्रदेश के रूप में चिन्हित किया जा रहा है और नई औद्योगिक उपक्रम स्थापित किए जा रहे हैं आदि विषयों को बताया गया। इसके पश्चात निबन्ध लेखन का प्रारंभ प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा निर्णय दिया गया। प्रतिभागियों को निबंध लेखन के लिए 70 मिनट का समय निर्धारित था। निबंध का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ अशोक कुमार पाण्डेय, डा अभिषेक प्रताप सिंह और डा योगेश शुक्ला ने किया। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने परिणामों की उद्घोषणा की।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा जैन बीकॉम अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान दुष्यंत कुमार बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर और तृतीय स्थान न्यासा श्रीवास्तव बीकॉम अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया 'कार्यक्रम के संयोजक गोपीनाथ मौर्य ने धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ आनंद सिंह, डा मनोज कुमार यादव, डॉ आदित्य कुमार, डॉ ज्योति भदौरिया, सुबोध शुक्ला, देवेश चतुवेर्दी, पवन सक्सेना, रमेश पाल व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थी ने सहभागिता की।

# निबंध में आकांक्षा को पहला स्थान

**संवाददाता, बकेवर इटावा**



निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र–छात्राएं। **अमृत विचार**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सम्मेलन के प्रचार प्रसार के लिए जनता कॉलेज बकेवर में जी 20 अवस्थापना एवं निवेश विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में संयोजक गोपीनाथ मौर्या ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में स्थायी सुधार, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत सरकार से दी जाने वाली वित्तीय सुविधाएं, ट्रैफिक मुक्त यातायात के लिए अच्छी सड़कों सहित नेशनल हाईवे एंड एक्सप्रेसवे का निर्माण से निवेश का माहौल बन रहा है। इसके पश्चात निबंध लेखन का प्रारंभ प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने निर्णय दिया । निबंध का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह और डॉ. योगेश शुक्ला ने किया। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने परिणामों की उद्घोषणा की। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा जैन बीकॉम अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान दुष्यंत कुमार बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर और तृतीय स्थान न्यासा श्रीवास्तव बीकॉम अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया। संयोजक गोपीनाथ ने धन्यवाद दिया।